20U401S (Pages: 2) Name……………………

Reg. No……………………

FOURTH SEMESTER B.A/B.Sc./ B.S.W. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2022

(CUCBCSS-UG)

CC16U HN4 A10 / CC17U HN4 A10 - NOVEL AND SHORT STORIES

(Hindi - Common Course)

(2016 to 2018 Admissions - Supplementary/Improvement)

Time: Three Hours Maximum: 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए ।

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1. शिवदत्त किस कहानी का पात्र है?

   (दुःख, अपरिचित, आकाशदीप, दलित ब्राह्मण)

2. पेड रात में क्या करता था ?

   (रोता, हँसता, खेलता, सोता)

3. हल्कू ने कंबल खरीदने केलिए कितने रुपये जमा किए थे ?

   (तीन, चार,पाँच,छः)

4. 'बुद्धगुप्त' किस कहानी का पात्र है ?

   (कफन,आकाश-दीप,अपरिचित,दुःख)

5. 'अपरिचित' कहानी के लेखक कौन है ?

   (प्रेमचंद, यशपाल, मोहन राकेश, स्वयंप्रकाश)

(ख) खाली जगहों को भरिए :

6. चंपा --------- कहानी की नायिका है ।
7. बुद्धगुप्त ने नए द्वीप को --------- नाम दिया ।
8. प्रेमचंद का असली नाम --------- है।
9. 'इक्कीसवीं सदी का पेड़' के कहानीकार --------- है ।
10. --------- दलित ब्राह्मण है ।

(10 × 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों मे लिखिए :

11. चीन में चिड़ियों को मार डालने का हुकुम क्यों दिया गया ?
12. 'दलित ब्राह्मण' कहानी की प्रमुख समस्या क्या है ?

13. चंपा क्यों आकाशदीप जलाती है ?

14. अग्रवाल कौन है ? वह कुरील के घर क्यों आता है ?

15. प्रवासी चिड़िया कहाँ उड़कर जाती है ?

16. "मंजूरी हम करें, मजा दूसरा लूटे।" पाठ और सन्दर्भ समझाइए ।

17. दिलीप की पत्नी क्यों बिगडकर अपनी माँ के घर चली गयी ?

18. चंपा क्यों बन्दी बन जाती है ?

19. पेड़ों का दाह-संस्कार कैसे होता है ?

20. हल्कू कम्बल क्यों नहीं खरीदता ?

21. चंपा क्यों आकाशदीप जलाती है?

22. दीशी की पत्नी ने उसके विदेश जाने का इन्तजाम किस प्रकार किया ?

(10 × 2 = 20 Marks)

III. किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

23. पेड़ों से हमें क्या -क्या लाभ है ?

24. नसीबन का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

25. सत्तार कौन है? उसके और सलमा का प्रेम सम्बन्ध क्यों टूटता है ?

26. खेती का सवगनाश होते हुए भी हल्कू क्यों खुश है ?

27. 'दलित ब्राह्मण' में दलितों की किन समस्याओं पर विचार किया गया है ?

28. 'अपरिचित' कहानी के 'स्त्री' पात्र का पति क्यों विदेश चला गया?

(4 × 5 = 20 Marks)

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29. 'लौटे हुए मुसाफिर' का सारांश लिखकर उसमें चित्रित देश विभाजन की समस्या की चर्चा कीजिए ।

30. 'पूस की रात' में अभिव्यक्त आम जनता के जीवन-दुःख पर प्रकाश डालिए ।

31. 'दुख' कहानी में सामाजिक यथार्थ का चित्रण किया गया है । – सारांश लिखकर समीक्षा कीजिए ।

(2 × 15 = 30 Marks)

****